वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 348 | सोमवार 17 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्रदेश में अब बढ़ रहा कोरोना, तीन की मौत

## 422 नए कोविड पॉजिटिव मिले, मरीजों की संख्या बढ़कर 2340 पर पहुंची

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान में कोरोना संक्रमण एक बार फिर बेकाबू हो गया है। प्रदेश में लगातार संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। रविवार को प्रदेशभर में 422 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जिनमें सबसे ज्यादा 104 संक्रमित मरीज जयपुर में है। जबकि 3 मरीजों की मौत हो गई। जिसके बाद प्रदेशभर में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 2340 पर पहुंच गई है। हेल्थ डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार रविवार को जयपुर में 104, जोधपुर में 65, भरतपुर में 52, नागौर में 43, उदयपुर में 32, बीकानेर में 29, सीकर में 25, झालावाड़ में 13, चित्तौड़गढ़ में 10 संक्रमित मरीज मिले हैं। जबकि बीते 24 घंटो में बीकानेर, नागौर और पाली में 1-1 संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है। जिसके बाद राजस्थान में सबसे ज्यादा जयपुर में 1420, अलवर में 999, कोटा में 786, चित्तौड़गढ़ में 681, टोंक में 528 बीकानेर में 510, उदयपुर में 440 मरीज मौजूद हैं। हालांकि प्रदेशभर में 137 मरीज रिकवर भी हुए हैं। गौरतलब है कि राजस्थान में 2 दिन पहले राज्यपाल कलराज मिश्र भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। वहीं राजयपाल से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी संक्रमित हो चुके हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारियों के अनुसार राजस्थान में फिलहाल जो मरीज बढ़ रहे हैं। उनमें ज्यादातर मामले नए वेरिएंट इइ 1.16 के हैं। जो काफी तेजी से फैलने वाला वेरिएंट है। हालांकि राहत की बात यह है कि इसकी चपेट में आने वाले ज्यादातर मरीज में केवल हल्के खासी, बुखार और जुकाम के लक्षण दिख रहे हैं। मरीज को खासी के अलावा शरीर में थकान और कमजोरी भी महसूस हो रही है। बावजूद इसके इस संक्रमण से मरीज खुद ही तीन-चार दिन में ठीक हो रहे हैं।




### टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश

राजस्थान में कोविड के बढ़ते केसों को देखते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट ने सभी सीएमएचओ को टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही डॉक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि जिन मरीजों में कोविड के लक्षण दिखे उनकी जांच जरूर करवाने के लिए कहा है। राज्य में पिछले महीने तक हर रोज औसतन 2 हजार लोगों के टेस्ट होते थे, जो बढ़कर अब 3 हजार से ज्यादा होने लगे है।

नाथ समाज ने की गुरु गोरखनाथ बोर्ड बनाने की मांग: बोले...

## सरकार ने मांग नहीं की पूरी, तो चुनाव में देंगे करारा जवाब

**जयपुर. कासं।** राजधानी जयपुर में नाथ समाज का महासंगम विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में राजस्थान समेत देशभर में नाथ समाज के अनुयाई पहुंचे। इस दौरान नाथ समाज के नेताओं ने गुरु गोरखनाथ बोर्ड बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर राजस्थान सरकार ने समय रहते हमारी मांगों को पूरा नहीं किया। तो आने वाले चुनाव में प्रदेशभर में नाथ समाज कांग्रेस को वोट की चोट के माध्यम से इसका करारा जवाब देगा। इस दौरान अलवर से नाथ सम्प्रदाय के सन्त और बीजेपी से सांसद बालक नाथ, जयपुर से जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सलाहकार बाबूलाल नागर, प्रख्यात भजन गायक सन्त प्रकाश दास जी महाराज के साथ ही बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के प्रबुद्धजन और राजनीतिक पार्टियों के बड़े नेता महासंगम में शामिल हुए। राजस्थान नाथ समाज द्वारा आयोजित महासंगम में राजस्थान के साथ ही मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, असम कलकत्ता, से बड़ी संख्या में नाथ समाज अनुयायी हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान नाथयोगी समाज के सन्त महतों ने महासंगम में आए समाज के लोगों को आशीर्वाद दिया।

## जयपुर में आयोजित हुआ शिक्षा महोत्सव

### 6 राज्यों के 42 एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स को किया गाइड

**जयपुर. कासं।** जयपुर के होटल रेडिसन सिटी सेंटर में शिक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 6 राज्यों की 15 से ज्यादा यूनिवर्सिटी के 42 विशेषज्ञ शामिल हुए जिन्होंने 900 से ज्यादा विद्यार्थियों और पैरेंट्स को काउंसलिंग दी। इस दौरान स्टूडेंट्स ने पढ़ाई में हो रही परेशानी के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर आ रही समस्याओं के बारे में विशेषज्ञों से चर्चा की। शिक्षा महोत्सव के आयोजक रविंद्र साहू ने बताया कि हमारे देश में बेरोजगारी की समस्या सबसे बड़ी है। ऐसे में आज इस समस्या के समाधान को लेकर शिक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया था ताकि ग्रेजुएशन बाद छात्रों को क्या करना है। इसकी उन्हें सही वक्त पर जानकारी मिल सके। जिससे वह भविष्य के लिए सही करियर ऑप्शन को चुन सके। साहू ने बताया कि आज इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, मेडिकल, नर्सिंग, होटल मैनेजमेंट, कॉमर्स और तमाम प्रोफेशनल और एजुकेशनल कोर्स से संबंधित सवाल पूछे गए थे जिनका देशभर से आए टॉप विशेषज्ञों ने स्टूडेंट्स और पैरेंट्स को जवाब दिया। मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आज का शिक्षा महोत्सव जयपुर और राजस्थान के स्टूडेंट्स के लिए उपयोगी साबित होगा।



# प्रथम वृहद प्रांतीय अधिवेशन में 108 गुरु भक्तों का हुआ सम्मान...

**जिन धर्म प्रचारक, सुसंस्कार संवर्धक, गुरु उपासक, गुरुभक्त जैसे अलंकारों से किया गया सम्मानित। दीक्षा दिवस पर वर्धस्व नंदिनी माताजी को वात्सल्य की प्रति मूर्ति की दी गई उपाधि...**






**शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत का प्रथम वृहद प्रांतीय अधिवेशन पूज्य आचार्य वसुनंदी जी महाराज ससंघ सानिध्य में अतिशय क्षेत्र महावीर जी के मुख्य मंदिर के प्रांगण में रविवार को आयोजित हुआ वही 108 गुरु भक्तों का विशेष सम्मान किया गया जिसमे महावीरजी क्षेत्र के मंत्री महेंद्र पाटनी को तथा दस अन्य को जिनधर्म प्रचारक, महावीर स्कूल जयपुर के अध्यक्ष उमराव सांघी को तथा पंकज लुहाड़िया को सुसंस्कार संवर्धक से सम्मानित किया गया ।धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला जयपुर ने अवगत कराया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पन्नालाल ऋषभ जैन सेठी परिवार जयपुर द्वारा ध्वजारोहण से हुआ तो स्वागताध्यक्ष रश्मिकांत अलका सोनी तथा मुख्य अतिथि शांति कुमार ममता सोगानी जापान वालो का अभिनंदन किया गया । आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सोभाग्य भी योगेश जैन मेरठ परिवार को मिला। संस्थान के महामंत्री सुनील जैन पहाड़िया के अनुसार कार्यक्रम में आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी को वात्सल्य प्रति मूर्ति उपाधि से समाज द्वारा अलंकृत किया गया । साथ-साथ आर्यिका वर्चस्व नंदिनी,आर्यिका श्रेय नंदिनी,आर्यिका सुरम्य नंदनी,आर्यिका यशो नंदिनी माताजी का नवम आर्यिका दीक्षा दिवस पर वस्त्र व शास्त्र भेंट किए गये। अधिवेशन समन्वयक संजय जैन बड़जात्या कामां के अनुसार धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रदेश के पदाधिकारियों पंकज लुहाड़िया, पवन चौधरी, महेश काला सोभाग अजमेरा राकेश मधोराजपुरा पंकज काला ज्ञान चंद बस्सी देवेंद्र कासलीवाल सुरेश शाह कमल दीवान सहित जोधपुर जयपुर अजमेर अलवर सलूंबर कामा बाड़मेर बालोत्रा आदि कई से पाँच सो से अधिक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की ।आचार्य श्री ने सभी आए हुए श्रेष्ठियों को आशीर्वाद दिया ।

# युवा परिषद द्वारा मानसरोवर में सदस्यता अभियान प्रारंभ

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** युवा परिषद द्वारा मानसरोवर क्षेत्र के मंदिरों में सदस्य जोड़ने हेतु रविवार दिनांक 16 अप्रैल को श्री मुनीसुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर मांग्यावास मे सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक युवा परिषद द्वारा सदस्य जोड़ने हेतु कैंप लगाया गया। परिषद के अध्यक्ष अशोक बिंदायका ने बताया की 31 नव सदस्यों को जोड़ा व परिषद के सदस्यों द्वारा मंदिर जी में सुव्यवस्थित ढंग से जैन ग्रंथों को अलमारी में जमाना व मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई व इत्यादि कार्य भी परिषद सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परम शिरोमणि संरक्षक राजीव जैन प्रबंध निदेशक सीकर सरस डेयरी, सतीश कासलीवाल परम शिरोमणी संरक्षक व रवि जी गोदिका कोषाध्यक्ष, मनोज श्रीमती सीमा ,मुकेश जैन आदि सदस्य कार्यक्रम में शामिल थे। परिषद द्वारा जय प्रकाश जैन व सोभाग मल जैन को मानसरोवर संभाग का परम संरक्षक भी बनाया गया ।अंत मे महामंत्री पारस जैन बोहरा ने सभी नव सदस्यों व आने वाले सभी गणमान्य लोगों का का हार्दिक स्वागत व आभार व्यक्त किया।



# राठौड़ के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं में लगी होड

## 1193 ब्लड यूनिट एकत्रित। रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं: राठौड़

**विराटनगर. शाबाश इंडिया**

कस्बा स्थित प्रेम गार्डन में रविवार को विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय एवं सेवाभावी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रेरित मानव सेवा सप्ताह अभियान के तहत राजस्थान विधानसभा के नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनखड़ के संयोजन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मानव जीवन में रक्तदान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे जन्म दिवस पर जिन किसानों, बेरोजगार युवाओं और माता बहनों ने रक्त का





दान किया है उस रक्तदान से किसी का जीवन बचाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनखड़ ने कहा कि रक्तदान मानव जीवन में पुण्य और पुनीत कार्य है, उन्होंने सभी रक्त दाताओं व शिविर में भाग लेने वाली समस्त चिकित्सा संस्थाओं की टीम तथा स्वयं सेवकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने की। शिविर में डॉ रामपाल ब्लड ग्रुप, तुलसी ब्लड सेंटर, जीवनधारा हॉस्पिटल, एवं निम्स हॉस्पिटल की टीम ने भाग लिया। शिविर में कुल 1193 ब्लड यूनिट एकत्रित हुई। जिन्हें प्रशस्ति पत्र तथा प्रत्येक रक्त दाताओं को हेलमेट वितरित किया गया। इस अवसर पर राठौड़ का भाजपा मंडल विराटनगर( शहर) कार्यकर्ताओं की ओर से 51 किलो की माला व 51 मीटर लंबा साफा बांधकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिला उपाध्यक्ष गिरिराज शर्मा, पूर्व चेयरमैन भागीरथ मल सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता बद्री प्रसाद सैनी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मामराज सोलंकी, जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत, पावटा पूर्व सरपंच एलेन स्वामी, उद्योग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रोहिताश ताखर, पूर्व जिला पार्षद धूडसिंह शेखावत, बाणगंगा मंडल अध्यक्ष सीताराम सैनी, पूर्व सरपंच रामेश्वर सैनी, पूर्व सरपंच संतोष मोदी, पूर्व सरपंच राजेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष बोदी लाल प्रजापत, पूर्व सरपंच किशोरी लाल शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, हरि कपूरिया, शेर सिंह शेखावत, मंडल महामंत्री सत्यनारायण सैनी, नेता प्रतिपक्ष रोमेश मिश्रा, भाजयुमो अध्यक्ष हेमराज सैनी, वाइस चेयरमैन बाबूलाल मीणा, पूर्व पार्षद रामेश्वर मीणा, महेश प्रजापत, मंडल मंत्री विकास शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी दीपेश चौबे, मंडल उपाध्यक्ष महेश सैनी, रामस्वरूप घांघल मंडल मंत्री महेंद्र सैनी, पूर्व पार्षद घनश्याम गोयल, रुपेंद्र शर्मा, मनीष सैनी, श्रीराम यादव, भैरू लाल गुर्जर, संतोष सैनी, अशोक डीलर, तेजपाल यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## वेद ज्ञान

### 'सेवा' को बनाएं मिशन...

मनुष्य इस दुनिया में आया है कुछ करने के लिए। अगर हम कर्म करना नहीं चाहेंगे, दुनिया की सेवा करना नहीं चाहेंगे तो हम दुनिया पर महज एक बोझ बनकर ही रह जाएंगे। तब हमारे लिए दुनिया में अधिक दिनों रहना उचित नहीं होगा। ऐसी स्थिति में दुनिया से जल्द से जल्द चले जाना अच्छा है। मैंने एक बार कहा था कि काम करते-करते मरो और मरते-मरते भी काम करते रहो। इसलिए इस बात को मन में हमेशा रखना चाहिए कि मैं इस संसार में अपने मिशन को पूरा करने के लिए ही जीवित हूं। इसी कारण से मैं खा रहा हूं, मैं पोशाक पहन रहा हूं, मैं सो रहा हूं। इसको छोड़कर मेरे लिए सब व्यर्थ है। यदि किसी लक्ष्य के बिना, मिशन के बगैर, कोई जीवन जीता है तो उस अवस्था में कोई भी प्रयास मानसिक क्षेत्र में सफलता नहीं ला सकता। यदि हम काम करना नहीं चाहते हैं, यदि हम संसार की सेवा करना नहीं चाहते हैं तब हम संसार के लिए एक भार हो जाएंगे। संसार का एक बोझ बनकर रहने से बेहतर है संसार को छोड़ देना। मानसिक क्षेत्र के ऊपर आध्यात्मिक क्षेत्र है। आध्यात्मिक जगत में केवल अपने मिशन के विषय में चिंतन करना ही पर्याप्त नहीं है, क्योंकि मिशन का उद्देश्य है बाहरी जगत में सेवा करना। वस्तु जगत में, बाह्य जगत में किसी का कोई भी मिशन क्यों न हो, मूल रूप से उसके मिशन का उद्देश्य है जगत के कल्याण को बढ़ा देना। किंतु गति जब भीतर की ओर होती है। अर्थात गति जब मन से आत्मा की ओर होती है। तब मिशन का कोई महत्व नहीं है। ऐसा इसलिए, क्योंकि तब हम अपने संपूर्ण अस्तित्व को परमपूर्णता में विसर्जित करने जा रहे हैं। मनुष्य जीवन क्यों है? किस वास्ते है? मोक्ष प्राप्त करने के लिए और जगत के हित या कल्याण के लिए। आत्ममोक्षार्थ के लिए जो प्रयास नहीं करते हैं, साधना नहीं करते हैं, उनसे जगत का कल्याण नहीं होता है, उनसे दुनिया का कल्याण हो नहीं सकता है। यदि आप अपने मिशन का कार्य करने के लिए शपथ लेते हैं तो याद रखें कि शपथ आपकी मुक्ति की आकांक्षा को संभव नहीं बनाएगी।

## संपादकीय

# सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे कुछ सवाल

बठिंडा सैन्य ठिकाने में हुई गोलीबारी और उसके बाद एक संतरी की कथित खुदकुशी को लेकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। यह देश के सबसे बड़े सैन्य ठिकानों में से एक है। यह इसलिए भी संवेदनशील है कि बिल्कुल पाकिस्तान की सीमा से लगा है और यहां तैनात सैनिक सदा अभियान के लिए तैयार रखे जाते हैं। जाहिर है, वहां सुरक्षा को लेकर खासी चौकसी बरती जाती है। ऐसे में अगर दो अज्ञात लोग उस सैन्य ठिकाने के भीतर घुस कर सो रहे चार जवानों को गोलियों से भून डालते हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। हालांकि अभी तक घटना की असली वजह ठीक-ठीक पता नहीं चल सकी है, मगर अधिकारियों का कहना है कि सैनिकों की आपसी रंजिश के चलते यह घटना घटी। घटना से दो दिन पहले एक इंसास राइफल और



अट्ठाईस कारतूस चोरी चले गए थे। इस घटना में उसी राइफल के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वह चोरी गई राइफल घटना के बाद बरामद कर ली गई है। इस घटना की असल वजह जांच के बाद पता चल जाएगी, मगर वहां की सुरक्षा से जुड़े सवाल शायद अनुत्तरित ही रहेंगे। इस घटना के अगले ही दिन एक संतरी की सिर में गोली लगने से मौत हो गई, जिसे खुदकुशी बताया जा रहा है। दोनों घटनाओं के आपस में जुड़े होने से इनकार किया जा रहा है, मगर कथित खुदकुशी की घटना भी संदेह और सवालों से परे नहीं है। सैन्य छावनियों में बाहरी लोगों का प्रवेश आसान नहीं होता। पुख्ता जांच के बाद ही वे प्रवेश कर सकते हैं, इसलिए इस तर्क को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि चार जवानों की हत्या करने वाले सेना के भीतर के ही लोग थे। मगर यह समझना थोड़ा कठिन है कि वे कैसे नकाब पहन कर आए और वारदात को अंजाम देने के बाद बड़ी आसानी से निकल भागे। छावनियों में सेना की टुकड़ियां किसी वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में रहती हैं। जगह-जगह आंतरिक सुरक्षा के इंतजाम होते हैं। निगरानी चौकियां बनी होती हैं। बठिंडा में इसे लेकर अधिक ही चौकसी की उम्मीद की जाती है। फिर कैसे दो नकाबपोश राइफल और कुल्हाड़ी लेकर भोजनालय वाले इलाके में पहुंचे और चार जवानों को मारने में कामयाब रहे। कैसे उन पर सुरक्षा में तैनात किसी सिपाही की नजर नहीं पड़ी या फिर जब गोलियां चलीं, तब भी कोई सक्रिय क्यों नहीं हुआ। इस घटना को मामूली चूक या आपसी वैमनस्य बता कर हल्के में नहीं लिया जा सकता। अगर कुछ सैनिकों की आपस में रंजिश थी, तो उसके बारे में उनके अधिकारियों को जानकारी कैसे नहीं थी। फिर उन लोगों की पहचान करने और उन्हें तलाशने में इतना वक्त कैसे लगा। यह घटना बड़े शातिराना ढंग से अंजाम दी गई। ऐसे लोग सेना के लिए किसी भी रूप में उचित नहीं माने जा सकते। सिपाहियों के बीच ऐसी आपसी रंजिश, जो खूंरेजी तक पहुंच जाए, सेना के अनुशासन पर सवाल खड़े करती है। फिर उस संतरी की मानसिक स्थिति का अंदाजा कैसे नहीं लगाया जा सका, जिसने पहरा देते हुए खुद को गोली मार ली। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# लगाम...

उमेश पाल हत्याकांड में जिस तरह उत्तर प्रदेश पुलिस ने सक्रियता दिखाई है, निस्संदेह उससे अपराधियों पर मानसिक दबाव बना है। फरवरी में उमेश पाल की दिन दहाड़े घेर कर हत्या कर दी गई थी। वे अपने बहनोई और विधायक राजूपाल की हत्या के एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी थे। राजूपाल की हत्या में माफिया अतीक अहमद का हाथ बताया गया था। फिर उमेश पाल की हत्या में भी अतीक के ही लोग देखे गए थे। उनमें खुद अतीक अहमद का बेटा भी शामिल था। इस हत्याकांड में शामिल दो बदमाश पहले ही मुठभेड़ में मारे जा चुके थे। अब अतीक अहमद का बेटा और उसका एक साथी बदमाश भी मुठभेड़ में मार गिराए गए हैं। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। उमेशपाल की हत्या के बाद ये दोनों विभिन्न शहरों में छिपते फिर रहे थे। इसी क्रम में वे दिल्ली भी पहुंचे थे। दिल्ली पुलिस ने इन्हें पनाह देने वाले कुछ हथियार तस्करों को पकड़ा और उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस दल को सौंप दिया था। उनसे पूछताछ के आधार पर ही उत्तर प्रदेश पुलिस इन दोनों बदमाशों तक पहुंची थी। स्वाभाविक ही उमेशपाल हत्याकांड से जुड़े बदमाशों के इस तरह मुठभेड़ों में मारे जाने से उत्तर प्रदेश में सक्रिय दूसरे संगठित अपराधियों को कड़ा सबक मिला है। पुलिस अगर अपराधियों पर शिकंजा कसने में संजीदगी दिखाए, तो सचमुच अपराधमुक्त समाज बनाया जा सकता है। मगर हकीकत यह है कि हर सरकार अपराधमुक्त समाज बनाने का दम तो भरती है, मगर हर बार कुछ नए किस्म के अपराधी भी पनपते देखे जाते हैं। अतीक अहमद का इतिहास किसी से छिपा नहीं है। पिछले दिनों उसके अलग-अलग ठिकानों पर पड़े छापों से जो नगदी और बेनामी संपत्ति के कागजात जब्त हुए, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसने अपने बाहुबल से किस तरह कानून-व्यवस्था को पंगु बना रखा था। फिलहाल वह जेल में है और उसके खिलाफ अदालत में सुनवाई चल रही है, मगर इससे पहले वह किस तरह न सिर्फ बेखौफ आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी दबाव बनाए हुए था। अतीक अहमद के गुनाहों और उसकी दबंगई से पुलिस भी अनजान नहीं थी, मगर वह बेखौफ विचरता रहा, तो इसलिए कि उसे राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ था। वह खुद भी राजनीति में प्रवेश कर चुका था। अतीक अकेला ऐसा माफिया नहीं है, ऐसे अनेक बाहुबली हैं, जो राजनीतिक संरक्षण में संगठित अपराध करते रहे हैं। अच्छी बात है कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने के अपने संकल्प पर अडिग रहते हुए राजनीतिक संरक्षण में अपराध कर रहे बाहुबलियों पर शिकंजा कसना शुरू किया और उसी के फलस्वरूप उमेशपाल हत्याकांड में शामिल बदमाशों के मारे जाने की यह ताजा घटना हुई। मगर यह सवाल फिर भी बना हुआ है कि आखिर राजनीतिक दल ऐसे अपराधियों से दूरी बनाना कब शुरू करेंगे। जब तक राजनीतिक दलों में आपराधिक वृत्ति के लोगों की पैठ नहीं रुकेगी, ऐसे बदमाश पनपते ही रहेंगे। ऐसा नहीं हो सकता कि विपक्षी खेमे के बदमाशों को लेकर चौकसी बरती जाए और अपने करीबियों को लेकर चुप्पी। यह अकारण नहीं है कि हर विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद सदन में पहुंचने वाले प्रतिनिधियों में आपराधिक पृष्ठभूमि के सदस्यों की संख्या कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। जब तक राजनीतिक संरक्षण मिलता रहेगा, न तो इस तरह की राजनीतिक हत्याओं का सिलसिला रुकेगा और न पूरी तरह अपराधियों पर लगाम लगाना संभव हो सकेगा।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर की नेवटा यात्रा सम्पन्न



जयपुर । दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर जयपुर की धार्मिक ८ंडी सम्पन्न हुई। बस द्वारा सदस्य भट्टारकजी की नसिंया से भगवान आदिनाथ के दर्शन कर , दुगार्पुरा में भगवान चन्द्र प्रभूजी के दर्शन कर महावीर नगर जैन मंदिर के दर्शन कर मोहनपुरा , नेवटा पहुंचे,जंहा भगवान चिन्तामणि पार्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिरजी के दर्शन किये। वंहा श्री पवन गोदीका ने सभी सदस्यों का जोरदार स्वागत कर जल-पान कराया। सदस्यों ने सभी वेदियों के दर्शन किये ।ग्रुप अध्यक्ष डां.एम.एल जैन ''मणि'' ने मंदिर प्रमुख पवन गोदीका का आभार व्यक्त किया। बाद में सभी सदस्य नेवटा जैन मंदिर पहुंचे ।सभी सदस्यों ने सबसे पहले बडे भक्तिभाव से भक्तामर का पाठ किया व भजन गाये ।स्वल्पाहार करके मीटिंग प्रारंभ हुई। मंगलाचरण श्रीमति मैनाजी पाटनी,डां शान्ति जैन ₹मणि₹,पुष्पाजी व कान्ताजी मालपुरा,नवरत्न व मंजू पाण्डया ने किया ।भगवान के चित्र का अनावरण पुष्पाजी मालपुरा ने व दीपप्रज्जवलन एन के सेठी-निर्मल सेठी,मैना पाटनी ने किया। इसके बाद इनका व नये बनने वाले सदस्यों का माला,दुपट्टा व गिफ्ट देकर सम्मान किया। इसके बाद कान्ताजी गंगवाल व आभाजी गंगवाल ने आकर्षित हाऊजी बनाकर खिलाई। डॉ. शान्ति जैन ''मणि'' ने धार्मिक प्रश्नमंच कराया व धार्मिक हाऊजी खिलाई व पारितोषिक वितरण कोषाध्यक्ष श्री पारसमल जी लुहाडिया ने किया। अप्रैल माह में जन्में सदस्यों व विवाह हुये सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया ।अन्त में मीटिंग हुई जिसमें एक दिवसीय यात्रा पर निर्णय लिया गया। अन्त में कार्याध्यक्ष श्री सुरेश गंगवाल जी ने सभी का आभार व्यक्त कर सुरुचिपूर्ण भोजन करने के लिए के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हंसमुख जैन गांधी उद्योग कीर्ति अवार्ड से सम्मानित



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

**इन्दौर**। मध्य प्रदेश कोल्ड चेन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष हसमुख जैन गांधी इंदौर को आगरा के होटल क्लार्क सिराज में 15 अप्रैल को आयोजित फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन आफ इंडिया के सेमिनार में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री एस पी बघेल के कर कमलों से फेडरेशन द्वारा उद्योग कीर्ति अवार्ड प्रधान कर सम्मानित किया गया। श्री गांधी को यह अवार्ड शीतगृह इंडस्ट्रीज के उत्थान एवं विकास के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर देश के विभिन्न शहरों से आए 500 से अधिक शीत ग्रह स्वामी (कोल्ड स्टोरेज संचालक) उपस्थित थे। हंसमुख गांधी स्वयं गांधी कोल्ड स्टोरेज इंदौर के संचालक होने के साथ-साथ फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भी हैं। आप दिगंबर जैन समाज के एक राष्ट्रीय नेता एवं समाजसेवी के रूप में स्थापित हैं। इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल को फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, समाजसेवी टी के वेद, डॉक्टर जैनेंद्र जैन, संजीव जैन संजीवनी, राजेश जैन दद्दू राजीव जैन बंटी आदि गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।



# श्री मज्जनिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ 29 अप्रैल से 3 मई 2023 तक होगा महोत्सव



## 23 अप्रैल को आचार्य श्री विवेक सागर जी का होगा सीकर में भव्य मंगल प्रवेश

**विवेक पाटोदी. शाबाश इंडिया**

**सीकर।** सीकर के नवलगढ़ रोड़ स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 29 अप्रैल 2023 से 3 मई 2023 तक ''श्री मज्जनिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ'' का आयोजन परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुमति सागर जी महाराज के परम शिष्य प्रखर प्रवक्ता , सप्तम पट्टाधिश आचार्य श्री 108 विवेक सागर जी महाराज , ससंध के सानिध्य में होने जा रहा है ।प्रचार मंत्री विवेक पाटोदी ने बताया कि आयोजन में सम्पूर्ण मांगलिक क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य पंडित विमल कुमार जी बनेठा वालों के निर्देशन में होगा ।सह प्रतिष्ठाचार्य सीकर के पंडित आशीष जैन शास्त्री होंगे ।मंच कलाकार संजय जैन भोपाल होंगे ।सकल दिगम्बर जैन समाज सीकर द्वारा आयोजित इस आयोजन में सीकर की विभिन्न जैन संस्थाएं अपना सहयोग प्रदान करेगी। महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया व आहार-विहार कमेटी सदस्य बबल छाबड़ा दूधवा ने बताया कि महाराजश्री का मालपुरा से बिहार करके 23 अप्रैल को सीकर में भव्य प्रवेश होगा ।रविवार को आचार्यश्री के सानिध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति द्वारा पत्रिका का विमोचन किया गया ।अध्यक्ष जे पी काला लालास वाले ने बताया कि इस आयोजन के दौरान सम्पूर्ण जैन समाज सीकर के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों व असम नागालैंड मणिपुर सूरत मुंबई अन्य सहित देश के विभिन्न स्थानों से जैन धर्मावलम्बी आएंगे ।




शाबाश इंडिया
प्रस्तुत करते हैं
स्थापना दिवस विशेषांक
ग्लेज्ड पेपर पर प्रकाशित... आकर्षक छपाई... पूर्णतया रंगीन

अपनी स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शाबाश इंडिया 27 अप्रैल 2023 को 'स्थापना दिवस विशेषांक' प्रकाशित करने जा रहा है। इसमें व्यापार-व्यवसाय, अर्थ जगत, राजनीति एवं सम-सामयिक विषयों पर विश्लेषणात्मक आलेख प्रकाशित किए जाएंगे जो इसे एक संग्रहणीय अंक बनाएंगे।

विज्ञापन दरें

| | | |
|---|---|---|
| फुल पेज | 30x23.5 Cm | ₹ 21000/- |
| हाफ पेज | 14x23.5 Cm | ₹ 11000/- |
| क्वार्टर पेज | 14x11.5 Cm | ₹ 6100/- |
| 7x11.5 Cm. | | ₹ 3100/- |
| 5.5x11.5 Cm. | | ₹ 2100/- |

प्रिंट पेपर, सोशल मीडिया, वेबसाईट के जरिए लाखों लोगों तक पहुंचने का मौका

विज्ञापनदाताओं के लिए एक सुनहरा अवसर

**उच्च स्तरीय ब्रांडिंग**
राज्य के प्रमुख शहरों में प्रबुद्ध पाठक वर्ग होने से उच्च स्तरीय ब्रांडिंग का एक बेहतरीन विकल्प है।

**टारगेटेड एडवरटाइजिंग**
अधिकतम पाठक मध्यम, उच्च मध्यम एवं उच्च आय वर्ग के हैं, जो विज्ञापन के लिहाज से टारगेटेड कस्टमर होते हैं।

**विश्वसनीयता**
शाबाश इंडिया की निष्पक्ष व तथ्यपरक खबरों से बनी छवि इसके विज्ञापनदाता की विश्वसनीयता को भी बढ़ाती है।

**आकर्षक छपाई**
विज्ञापनों की स्पष्ट एवं आकर्षक छपाई के लिए दिल्ली की प्रतिष्ठित प्रेस से ग्लेज्ड पेपर पर पूर्णतया रंगीन प्रकाशित होगा।

स्थापना दिवस विशेषांक में विज्ञापन एवं आलेख प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:
राकेश गोदिका, प्रधान सम्पादक मोबाइल: 9414078380, 9214078380
shabaasindia.com rakeshgodika@gmail.com, shabaasindia@gmail.com

# जैन मिलन मकरोनिया द्वारा शीतल प्याऊ का शुभारंभ






**मनीष विद्यार्थी शाहगढ़. शाबाश इंडिया**

सागर। जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा इस भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से जीव दया प्रोजेक्ट अंतर्गत ओम पेट्रोल पंप मकरोनिया चौराहे पर शीतल प्याऊ का संचालन जैन मिलन परिवार मकरोनिया एवं ओम पेट्रोल पंप के सहयोग से किया गया है। यहां पर राहगीरों एवं यात्रियों को 24 घंटे ठंडा पानी पीने को मिलेगा ।शीतल प्याऊ का उद्घाटन प्रदीप लारिया विधायक नरयावली, मिही लाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मकरोनिया, अतिवीर इंजीनियर भीष्म जैन संयुक्त राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जैन मिलन, अतिवीर इंजीनियर महेश जैन कार्यपालन यंत्री, कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जैन मिलन वीर श्री गुलझारी लाल जैन संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी एवं यशवंत संचालक ओम पेट्रोल पंप के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर वीर सुरेश जैन अध्यक्ष, वीर रविंद्र जैन मंत्री, वीर राजेश जैन कोषाध्यक्ष, वीर हेम चंद जैन कार्यकारी अध्यक्ष, वीर प्रदीप मंगलम कार्यकारी अध्यक्ष, वीर श्रेयांश सेठ कार्यकारी अध्यक्ष, वीर संजय जैन कंट्रोल पूर्व पार्षद कार्यकारी अध्यक्ष, वीर संपत जैन खुरई वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीर निशीकांत सिंघई प्रचार प्रसार मंत्री, वीर अजीत जैन बैंक उपाध्यक्ष, वीर प्रकाश मोदी मार्बल संगठन मंत्री, वीर मनीष जैन विद्यार्थी संयुक्त मंत्री, वीर आरके जैन संयुक्त मंत्री, वीर विनोद जैन आदर्श वीर पीसी जैन शिक्षक वीर अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय मंत्री वीर संजय जैन क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पेट्रोल पंप का स्टाफ के साथ साथ राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी भारतीय जैन मिलन के मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंत में सभी का आभार व्यक्त वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा किया गया।








# भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का शुभारम्भ



## गणेश निमंत्रण एवं स्टीकर का किया विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से मोती डूंगरी स्थित गणेश जी के मंदिर में आज प्रातः 9.00 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणेश निमंत्रण के साथ 15 दिन तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाले भगवान परशुराम जयंती समारोह का विधिवत शुभारम्भ हुआ। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने सपत्निक श्रीमती नीलम मिश्रा, संत-महंतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणपति को निमंत्रित किया और समारोह की सफलता के लिये गणपति की पूजा की। इस अवसर पर संत-महंतों ने विधि विधान से गणेश जी को निमंत्रित किया गया एवं उपस्थित विद्वान पण्डितों ने मंत्रोच्चारण के साथ सस्वर पाठ किया। इस अवसर पर जयपुर शहर के सांसद रामचरण बोहरा, विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, महामण्डलेष्वर बालमुकुंदाचार्य, उदासीन आश्रम के महंत प्रद्युम्न मुनि महाराज, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. कमलेश शर्मा, युवा जयपुर शहर अध्यक्ष अविकुल शर्मा, प्रमुख ज्योतिषाचार्य पं. मुकेश भारद्वाज, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री और योग गुरु ढाका राम ने पूजा अर्चना कर गणेश निमंत्रण किया। इस अवसर पर एक रंगीन स्टीकर और भगवान परशुराम जी के कट आउट का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव हरीश मिश्रा, डी.पी. शर्मा, विजय भास्कर, अरविन्द मिश्र, हवा महल के अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, सतबीर भारद्वाज, कैलाश शर्मा खोर, लक्ष्मी शर्मा, सांगानेर अध्यक्ष अशोक शर्मा, महेन्द्र गौड़, रामकुमार शर्मा, पंकज शर्मा सोडाला, रवि शर्मा सांगानेर, राघव दाधीच, महेश भारद्वाज, सहित बड़ी संख्या में स्टीकर विमोचन समारोह में उपस्थित थे। विमोचन समारोह में प्रमुख रूप से महासभा के लगभग 200 ब्राह्मण समाज के विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी एवं गणमान्य विप्र बन्धु इस अवसर पर उपस्थित थे।ब्राह्मण युवाओं ने गणेश जी महाराज और भगवान परशुराम के जयकारे के नारे लगाये। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि 15 दिन तक चलने वाले इस समारोह का विधिवत शुभारम्भ आज हो गया और पूरे प्रदेश में शोभायात्रा कीर्तन सम्मान समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रम 15 दिन तक चलेंगें।


Happy Birthday



**अनिका छाबड़ा**

को जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाए

**चंचल देवी, नवीन, विनीता, कमल, मधु, राकेश, सरोज मनीष, नीरज नवीन मीनाक्षी राहुल, मोनिका रोहित, कीर्ति वैभव, अर्चित, विविधा, नेहल, आदित्य, कीर्तिका, हार्दिक, गहना, इशिता, दविश, मानवी, दक्ष, दीक्षा, एवं समस्त बड़जात्या परिवार नसीराबाद (शीतल प्रसाद विमला देवी, नवीन मीनाक्षी, नौरत निशा, मनीष सुनीता, दिनेश ज्योति, पर्व, पनव, छाबड़ा परिवार नान्दसी**



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com